# निवेश को लेकर मुख्य सचिव ने दुबई में शाही परिवार से की मुलाकात

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बीते दिनों अपनी दुबई यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शाही परिवार के सदस्य व एक्वाब्रिज होल्डिंग्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन मना बिन खलीफा अल मकतूम से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने उन्नाव औद्योगिक कारीडोर में यूएई की कंपनी एक्वाब्रिज द्वारा किए जा रहे निवेश को लेकर सरकार की तरफ से हर प्रकार की मदद का भरोसा दिया। एक्वाब्रिज कंपनी उन्नाव में 461 मिलियन डालर का निवेश कर अपनी इकाई की स्थापना कर रही है।

मुख्य सचिव ने यूएई के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों के सहायक अवर सचिव जुमा मोहम्मद अल कैत से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यूएई के निवेश मंत्रालय के निदेशक मोहम्मद जैनल अलजारूनी व एफडीआइ विशेषज्ञ डैनियल रेयमंड सेलर्स के साथ बैठक कर उत्तर प्रदेश की निवेश अनुकूल एफडीआइ नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित किया।